राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
पटना। मंगलवार • 3 जुलाई • 2018

1.61 लाख नये करदाताओं ने एक साल में कराया रजिस्ट्रेशन

आयकर विभाग ने केद्रीय राजस्व भवन के प्रेक्षागृह में मनाया जीएसटी दिवस

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

पटना।

कर एकीकरण की सबसे बड़ी क्रांति जीएसटी के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर आज आयकर विभाग ने पटना स्थित केद्रीय राजस्व भवन (उपभवन) के प्रेक्षागृह में जीएसटी दिवस मनाया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केंद्रीय माल एवं सेवा कर, रांची प्रक्षेत्र के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद देश भर में कर संग्रह में एकरूपता के साथ पारदर्शिता भी आयी है। टैक्स चोरी की आशंका भी न्यूनतम हो गयी है। पूरी प्रणाली कंप्यूपटर आधारित है और गड़बडी करने वाले जरूर पकड़े जाएंगे।

पिछले साल 2598 करोड़ के मुकाबले इस साल 4503 करोड़ हुआ राजस्व संग्रह

श्री सिंह ने कहा कि जीएसटी लागू होने के एक वर्ष के अंदर ही लगभग 1.83 लाख नये करदाताओं ने बिहार में रजिस्ट्रेशन कराया, जो बड़ी उपलब्धि है। अभी भी रजिस्ट्रेशन लगातार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस साल 4503 करोड़ राजस्व संग्रह किया गया,जबकि पिछले वर्ष 2598 करोड़ का ही राजस्वं संग्रह हुआ था। अब तक 63 प्रतिशत करदाताओं ने ही जीएसटी रिटर्न फाइल किया है। विभाग ने 18,913 ऐसे करदाताओं को नोटिस भी जारी किया गया है जिन्होंने रिटर्न फाइल नहीं किया है। पिछले साल की तुलना में टैक्स संग्रह में 29 प्रतिशत की वृद्धि बिहार और झारखंड में दर्ज की गयी। बिहार में टैक्स दाताओं की संख्या 82 हजार से बढ़कर 1.66 लाख हो गयी है। पिछले तीन महीने के दौरान इसमें 70 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद उत्पाद समेत सभी अप्रत्यक्ष कर प्रत्यक्ष हो गये हैं।

मालूम हो कि माल एंव सेवा कर रांची क्षेत्र, पटना द्वारा एक से सात जुलाई तक जीएसटी सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केंद्रीय राजस्व कॉलोनी, सालिमपुर अहरा में पौधरापेण और केंद्रीय राजस्व भवन (उपभवन) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हजसमें सौ से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य आयुक्त और अन्य।